रायगढ़, मंगलवार
15.08.2017
भाद्र कृष्ण 8
पृष्ठ 8, मूल्य 3

साप्ताहिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

Web: www.nyaysakshi.com
» वर्ष-1 » अंक-21 »

3 देखें.... नितीश कुमार, शरद यादव...
6 देखें मनोरंजन में ....

## बड़ी खबर

### पी एफ कमिश्नर के आदेश पर हाईकोर्ट से स्टे

कोरबा,(**आरएनएस**)। बालको कर्मचारी भविष्य निधि न्यास को क्षेत्रीय पी एफ कमिश्नर ने गत दिवस निरस्त कर दिया था। पी एफ कमिश्नर के इस आदेश के खिलाफ श्रमिक नेताओं की ओर से हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की गई थी। श्रमिक नेता नरेन्द्र तिवारी के मुताबिक हाईकोर्ट ने याचिका पर गुरवार को स्टे दे दिया। इसके बाद पी एफ कमिश्नर के उक्त आदेश पर रोक लग गई है। उल्लेखनीय है कि बालको कर्मी भविष्य निधि न्यास के तहत बालको कर्मियों की पीएफ की राशि जमा की जाती है। ट्रस्ट का संचालन बालको की स्थापना के बाद से हो रहा है। फंड में 450 करोड़ की राशि जमा है। ट्रस्ट में बालको के सभी प्रमुख यूनियन के प्रतिनिधि सदस्य हैं। वहीं प्रबंधन की ओर से पांच मेंबर है। क्षेत्रीय भविष्य निधि कमिश्नर को फंड के संबंध में प्रबंधन द्वारा आधी-अधूरी जानकारी दिए जाने की शिकायत हुई थी।

### युवक के खाते से 18422 रूपए पार, धोखाधड़ी का मामला दर्ज

रायपुर,(**आरएनएस**)। एक युवक के बैंक खाते से अज्ञात व्यक्ति ने 18422 हजार पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर आमानाका पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी विकाश शर्मा पिता विरेन्द्र शर्मा 30 वर्ष ब्रम्हदेव नगर भाठागांव का रहने वाला है। प्रार्थी का आईडीबीआई बैंक सिविल लाईन में खाता है। बताया जाता है कि अज्ञात व्यक्ति ने 12 अगस्त 2017 को प्रार्थी के खाते से 4 बार में कुल 18422 रूपए पार कर दिया। प्रार्थी के पास जब मैसेज आया तो उसे यह जानकारी मिली। प्रार्थी की शिकायत पर सिविल लाईन पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है।

### खाते से एप को जोड़े बिना होगा रकम ट्रांसफर

कोरबा,(**आरएनएस**)। भारतीय स्टेट बैंक, एसबीआई ने एक ऐसा एप लॉन्च किया है, जिसकी मदद से आप बिना अपने खाते से एप को जोड़े ही किसी दूसरे खाते में रकम ट्रांसफर कर सकते हैं। एसबीआई के इस पे एप का इस्तेमाल कर खाताधारक मल्टी अकाउंट और विभिन्न बैंकों को भी लिंक कर धन स्थानांतरण व बैलेंस की जानकारी प्राप्त कर सकता है। एसबीआई के इस एप का इस्तेमाल करने सबसे पहली शर्त यही है कि खाताधारक को एंड्राइड फोन यूजर होना चाहिए, जिसमें इंटरनेट कनेक्टिविटी की सुविधा मौजूद हो। इसमें बैंक उपभोक्ता बिना अपने बैंक खाते को इस एप से जोड़े वास्तविक समय पर सीधे किसी दूसरे खाते में कैश हस्तांतरित कर सकता है। इसके लिए उपभोक्ता को इस एप में बहु विकल्प सुझाए गए हैं, जिसका ज्यादा से ज्यादा इस्तेमाल सुनिश्चित करने बैंक प्रबंधन जोर दे रहा है। इस एप के माध्यम से बैंक यूजर मल्टी अकाउंट और अन्य बैंकों को भी लिंक कर अपने मनपसंद या चुने गए अकाउंट पर रकम स्थानांतरित कर सकते हैं। इसके साथ ही ग्राहक के रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर बैलेंस की जानकारी के साथ एप के माध्यम से भी पलक झपकते ही खाते की ताजा स्थिति का ब्योरा प्राप्त किया जा सकता है। विमुद्रीकरण के बाद कैश की किल्लत से जूझते हुए उपभोक्ता व बैंक प्रबंधन ने कई सीख भी लिए हैं जिसका असर इस तरह के डिजिटल माध्यमों के रूप में सकारात्मक दिशा की ओर अग्रसर होते हुए परिणाम प्राप्त हो रहा है। खास बात यह है कि इस एप की सुविधा का इस्तेमाल करने के लिए बैंक को खाताधारक की ओर से किसी प्रकार का ट्रांजेक्शन शुल्क की अदायगी भी नहीं करनी होगी। स्टेट बैंक के इस पे एप से वर्चुअल पेमेंट एड्रेस, वीपीए, लिंक रिस्पांस क्यू आर, आधार नंबर और खाता नंबर व आई एफ एस सी कोड से भी धन स्थानांरित कर सकते हैं। एसबीआई का यह एप उपभोक्ता और व्यापारी वर्ग के लिए बनाया गया है। बैंक प्रबंधन ऐसे खाताधारकों को टारगेट कर रहा है, जो यूपीआई से जुड़े हुए बैंक के लिए खाता संचालित कर रहे हैं।

### ऑटो की टक्कर से दो युवक घायल

रायपुर,(**आरएनएस**)। अश्वनी नगर सुमीत बाजार दुकान के सामने ऑटो चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए दो लोगों को टक्कर मार दिया। प्रार्थी की शिकायत पर आजाद चौक पुलिस ने आरोपी ऑटो चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी सभाजीत पाल पिता राम सवारे पाल 43 वर्ष जगदीश पान ठेला के पास अश्वनी नगर का रहने वाला है। बताया जाता है कि कल शाम प्रार्थी के भाई हंसराज व उसका लड़का अवकुश हाथ ठेला को धक्का देकर ले जा रहे थे तभी सुमीत बाजार दुकान के पास आरोपी ऑटो क्रमांक सीजी 04 एलबी 2651 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए दोनों को टक्कर मार दिया। जिससे दोनों को चोट आई है। प्रार्थी की शिकायत पर आजाद चौक पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

# चीन के साथ झड़प से इन्कार नहीं

## डोकलाम विवाद पर बोले पूर्व थलसेना अध्यक्ष

नई दिल्ली,(**आरएनएस**)। डोकलाम में कई सप्ताह से जारी गतिरोध के बीच पूर्व सेनाध्यक्ष जनरल वीपी मलिक ने कहा है कि चीन के साथ झड़प से इन्कार नहीं किया जा सकता है। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि दोनों परमाणु शक्ति संपन्न देशों के बीच बड़े पैमाने पर लड़ाई छिड़ने की कोई आशंका नहीं है। 1999 में कारगिल युद्ध के समय सेना प्रमुख रहे जनरल मलिक ने कहा कि मौजूदा हालात की तुलना 1962 से नहीं की जा सकती है। मुझे नहीं लगता कि दोनों देशों में उसी तरह की लड़ाई हो सकती है। लेकिन, चुंबी घाटी या सीमा से लगे किसी और इलाके में झड़प से इन्कार नहीं किया जा सकता है। यदि ऐसी नौबत आती है, तो हमें उसके लिए पहले से तैयार रहना होगा। जनरल मलिक ने कहा कि गतिरोध खत्म करने के लिए कूटनीतिक स्तर पर प्रयास किए जा रहे हैं। उम्मीद है कि इससे विवाद का समाधान हो जाएगा।

### भीषण हादसे में पूरा कस्बा और दो बसें मलबे की चपेट में, कई दर्जन लापता

शिमला,(**आरएनएस**)। हिमाचल प्रदेश के जोगेंदरनगर के समीप पठानकोट-मंडी राष्ट्रीय राजमार्ग पर शनिवार देर रात करीब एक बजे कोटरूपी के पास भारी भूस्खलन हुआ। पूरी पहाड़ी धसने से पूरा कोटरूपी कस्बा और दो बसें मलबे की चपेट में आ गई है। हादसे में फिलहाल सात यात्रियों के मारे जाने की पुष्टि हुई है जबकि कई लोग दबे हैं। कोर्टरूपी में दो बसें रात को चाय पानी के लिए रुकी थीं। जैसे ही पहाड़ी धसी तो दोनों बसें भूस्खलन की चपेट में आ गईं। कटड़ा मनाली रुट पर जा रही बस में करीब सात यात्री सवार थे जिनमें से दो की मौत हुई है। बस में एक बच्ची फंसी हुई है। वहीं चम्बा मनाली रूट की बस में से करीब 15 मिनट पहले बचाओ बचाओ की आवाजें आ रही थी जो अब आना बंद हो गई हैं। अंदाजा लगाया जा रहा है कि इस बस में कई यात्री सवार थे जिनकी मौत हो गई है। भारी बारिश के कारण आए मलबे व पानी से यह बस करीब एक किलोमीटर नीचे बाह गई है। भारी बारिश व अंधेरा होने के कारण प्रशासन ने राहत एवं बचाव कार्य रोक दिया है। मंडी पठानकोट मार्ग पर वाहनों की आवाजाही मंडी व जोगेन्द्रनगर में रोक दी गई है ताकि एम्बुलेंस मौके के लिए रवाना हो सकें। हादसा रात एक बजे के आसपास हुआ। सूचना मिलते ही जिला प्रशासन की ओर से तमाम आला अधिकारी मौके की तरफ रवाना हो गए हैं।

### ऑक्सीजन से मृत्यु मामले में सरकार करेगी कड़ी कार्यवाही : सीएम

लखनऊ,(**आरएनएस**)। बाबा राघवदास मेडिकल कॉलेज, गोरखपुर में ऑक्सीजन की कमी से बच्चों सहित 48 लोगों की मौत के मामले में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बड़ी कार्रवाई की तैयारी में हैं। स्वास्थ्य मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह के साथ ही चिकित्सा शिक्षा मंत्री आशुतोष टंडन मेडिकल कालेज गोरखपुर में मामले की पड़ताल कर रहे हैं। इनकी रिपोर्ट के बाद ही कई बड़े अफसरों के साथ अन्य पर भी गाज गिरने की संभावना है। गोरखपुर के बीआरडी मेडिकल कॉलेज में ऑक्सीजन समाप्त होने के कारण 33 बच्चों सहित 48 लोगों की मौत के बाद अब सरकार बड़ी कार्रवाई करने की तैयारी में है। इस प्रकरण की जांच रिपोर्ट आने के बाद प्रशासनिक, स्वास्थ्य और चिकित्सा विभाग से जुड़े अधिकारियों पर गाज गिर सकती है। स्वास्थ्य मंत्री सिद्धार्थनाथ सिंह और प्राविधिक एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री आशुतोष टंडन अपनी जांच रिपोर्ट सीएम ऑफिस को सौंपेंगे। इस रिपोर्ट के बाद कई अधिकारियों पर गाज गिरना तय है। ऑक्सीजन की सप्लाई न होने की वजह से दो दिनों में 33 बच्चों समेत 48 लोगों की मौत हुई थी। इस मामले में ऑक्सीजन की सप्लाई करने वाली कंपनी पुष्पा सेल्स के लखनऊ ऑफिस पर भी छापेमारी की गई है। आरोप है कि पेमेंट न होने की वजह से मेडिकल कॉलेज में ऑक्सीजन की सप्लाई रोक दी गई थी। इस बीच पुष्प सेल्स की एचआर हेड मीनू वालिया ने कहा है कि मौत ऑक्सीजन की सप्लाई ठप होने से नहीं हुई। कोई भी इस तरह सप्लाई बंद नहीं कर सकता हम जानते हैं कि इसके परिणाम क्या हो सकते हैं। वालिया ने कहा कि हम लोगों ने पेमेंट के लिए सम्बंधित अधिकारियों को कई बार पत्र लिखा मगर किसी ने कोई सुनवाई नहीं की। वहीं पुष्प सेल्स के मालिक मनीष भंडारी ने कहा है कि कॉलेज प्रशासन के रवैये के वजह से सब कुछ हुआ। इसमें सिर्फ और सिर्फ कॉलेज प्रशासन की गलती है।

### जम्मू कश्मीर में अनुच्छेद 35 ए पर पीडीपी के रुख से भाजपा में असंतोष

जम्मू,(**आरएनएस**)। प्रदेश भारतीय जनता पार्टी की शनिवार को कोर ग्रुप की बैठक में अनुच्छेद 370 व 35 ए के मुद्दे पर पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) के रवैये से भाजपा में असंतोष नजर आया। बैठक में कई नेता खुलकर बोले। इतना ही नहीं, पार्टी के ढुलमुल रवैये और राज्य लोक सेवा आयोग की ओर से की गई नियुक्तियों पर भेदभाव के मुद्दों पर पार्टी के वरिष्ठ नेताओं को खरी-खरी सुननी पड़ी। कोर ग्रुप की बैठक की अध्यक्षता प्रदेश प्रधान सत शर्मा ने की, जिसमें पार्टी के जम्मू-कश्मीर मामलों के प्रभारी अविनाश राय खन्ना, पीएमओ में राज्यमंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह, उपमुख्यमंत्री डॉ. निर्मल सिंह, संगठन महामंत्री अशोक कौल, एमएलसी अशोक खजूरिया, सांसद जुगल किशोर ने भी भाग लिया। हालांकि बैठक में पार्टी के संगठन को मजबूत करने और राज्य के ज्वलंत मुद्दों पर चर्चा की गई। पार्टी सूत्रों ने बताया कि एक वरिष्ठ नेता ने मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती की 35 ए को लेकर दिल्ली में प्रधानमंत्री, गृहमंत्री के साथ मुलाकात को उठाते हुए कहा कि ऐसे मुद्दे पर भाजपा का रुख लोगों के बीच स्पष्ट नहीं जा रहा है। उन्होंने उपमुख्यमंत्री डॉ. निर्मल सिंह और संगठन महामंत्री अशोक कौल से कहा कि मुख्यमंत्री का व्यवहार 35ए के मुद्दे पर ब्लैकमेल करने जैसा है। अगर पार्टी अपने रवैये पर स्पष्ट नहीं रहती है तो उसे नुकसान उठाना पड़ सकता है। कुछ समय पहले राज्य लोक सेवा आयोग की ओर से उच्च शिक्षा विभाग में असिस्टेंट प्रोफेसरों की नियुक्तियों में जम्मू के साथ भेदभाव के मुद्दे पर भाजपा की चुप्पी पर भी सवाल उठे। कहा गया कि पीडीपी और भाजपा की समन्वय की बैठक क्यों नहीं हो रही है। इस बैठक को शीघ्र करवाया जाए, ताकि जम्मू के साथ भेदभाव के मुद्दों को सामने लाया जा सके। एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि इस तरह से भाजपा की चुप्पी सही नहीं है। ऐसे में लोगों को क्या मुंह दिखाना है। बैठक में पार्टी को मजबूत बनाने पर भी जोर दिया गया। अविनाश राय खन्ना ने कहा कि कार्यकर्ता सक्रिय होकर जमीनी स्तर पर काम करें। उन्होंने पीडीपी के साथ भी बेहतर तालमेल बनाने पर जोर दिया।

### मोतीबाग एवं जोन कार्यालय 7 में वाटर एटीएम लगा, 1 रूपए का सिक्का डालने पर मिलेगा पानी

रायपुर,(**आरएनएस**)। नगर निगम रायपुर द्वारा नगर निगम के मोतीबाग गार्डन के गेट में और मालवीय रोड स्थित नगर निगम जोन 7 कार्यालय परिसर में मोर रायपुर स्मार्ट सिटी अभियान के तहत नई वाटर एटीएम मशीन की स्थापना की गई है। वाटर एटीएम मशीन में सोलर पैनल की भी व्यवस्था नगर निगम द्वारा मोर रायपुर स्मार्ट सिटी अभियान के तहत रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के माध्यम से रखवायी गयी है। इसमें कोई भी नागरिक 1 रू. का सिक्का डालने पर एक लीटर शुद्ध आरओ जल प्राप्त कर सकता है।

### राजस्व प्रकरणों को 6 माह से अधिक लंबित रखने वाले अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी

बिलासपुर,(**आरएनएस**)। तहसीलों में नामांकन, सीमांकन के प्रकरणों को 6 माह से अधिक लंबित रखने वाले तहसीलदारों और राजस्व निरीक्षकों को कारण बताओ नोटिस जारी करने का निर्देश कलेक्टर पी. दयानंद ने दिया है। उन्होंने तीन वर्ष से ज्यादा लंबित प्रकरणों की जांच करने का निर्देश दिया और उन प्रकरणों को जल्द से जल्द निराकृत करने कहा। कलेक्टर ने आज मंथन सभाकक्ष में आयोजित राजस्व अधिकारियों की बैठक में राजस्व प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा की। अविवादित नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन के लिए आवेदकों को पेशी दर पेशी बुलाने पर अप्रसंन्नता जताई। सीमांकन के प्रकरणों में उचित तरीके से रिपोर्ट बनाने कहा। उन्होंने कहा कि सीमांकन अनुमान के आधार पर न करें, यह कार्य सावधानी से हो। गलत सीमांकन करने वाले राजस्व निरीक्षकों के खिलाफ भी कार्यवाही होगी। सार्वजनिक स्थानों एवं शासकीय भवनों, अस्पताल, स्कूल, आंगनबाड़ी के आसपास अतिक्रमण नहीं हटाने वाले पटवारियों पर भी कार्यवाही करने की चेतावनी दी। भू-राजस्व, पंचायत उपकर की वसूली बढ़ाने के निर्देश दिए। राजस्व विवाद मुक्त ग्राम बनाने के कार्य में प्रगति नहीं होने पर असंतोष जताया और डेढ़ माह के भीतर निर्धारित ग्रामों को राजस्व विवाद मुक्त ग्राम बनाने के निर्देश दिए। सभी तहसीलों में मार्डन रिकार्ड रूम को और सुविधायुक्त बनाने के लिए प्रस्ताव देने कहा। पटवारी के डिजिटल सिगनेचर से राजस्व अभिलेखों के सत्यापन का कार्य माह सितंबर तक पूर्ण किया जाना है। शासन के निर्देशानुसार माह अक्टूबर से खसरा एवं बी-1 की कापी ऑनलाईन निःशुल्क उपलब्ध कराये जायेंगे। कलेक्टर ने सत्यापन निर्धारित समय पर पूर्ण करने कहा। उन्होंने कहा कि इस कार्य में कोताही बरतने वाले पटवारियों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जायेगी। लोक सेवा केन्द्रों में उपलब्ध सेवाओं के लिए मेनुअल आवेदन नहीं लिया जाये तथा आवेदनों की संख्या बढ़ाई जाये। नगर पंचायत पेण्ड्रा, बिल्हा, मस्तूरी और बोदरी में लोक सेवा केन्द्रों में आवेदन नहीं लिये जा रहे हैं। कलेक्टर ने इन सभी नगरीय निकायों के सीएमओ को कारण बताओ नोटिस जारी करने का निर्देश दिया। लोक सेवा केन्द्रों में प्राप्त आवेदनों को समय-सीमा के भीतर निराकृत करने कहा।

### पाक पर हमला करे भारत : रामदेव

नई दिल्ली,(**आरएनएस**)। योग गुरू बाबा रामदेव ने कहा है कि भारत को पाकिस्तान पर हमला करके पूरे कश्मीर पर कब्जा करना चाहिए। आयोजित वंदे मातरम् कॉन्क्लेव में वह अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। उनका कहना था कि पाक लगातार कई सालों से सीमा पर संघर्ष विराम के उल्लंघन के साथ भारत में आतंकवाद को बढ़ावा दे रहा है। अब वक्त आ गया है कि उसे कड़ा सबक सिखाया जाए। भारत को बलूचिस्तान में चल रहे संघर्ष को अपना समर्थन देना चाहिए। ऐसा करके पाक को वह तीन हिस्सों में बांट देगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि मोदी सरकार दाऊद इब्राहिम, मसूद अजहर व हाफिज सईद जैसे आतंकियों का सफाया करने में सक्षम रहेगी। उनका कहना था कि 2019 तक इंतजार कीजिए, कुछ न कुछ देखने को जरूर मिलेगा। सरकार इन आतंकियों को कड़ा सबक सिखाएगी। बाबा रामदेव ने बताया कि वह जम्मू-कश्मीर में 150 एकड़ जमीन का अधि÷हण करने जा रहे हैं। उनके उद्योग में केवल कश्मीरी युवकों को काम दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि ऐसा एक भी उदाहरण नहीं है, जिसमें योग में पारंगत व्यक्ति ने आतंकवाद का रास्ता अपनाया हो। योग व्यक्ति को सकारात्मक बनाता है। यह सिखाता है कि सारा विश्व एक परिवार जैसा है।

### स्वतंत्रता दिवस पर राज्य सरकार का निर्देश होगा प्रभावी : ममता बनर्जी

नई दिल्ली,(**आरएनएस**)। स्वतंत्रता दिवस से पहले केंद्र सरकार ने सभी राज्यों से देशभक्ति की भावना और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के न्यू इंडिया (नया भारत) की सोच को लेकर जोश जगाने के लिए स्कूलों में कार्यक्रम आयोजित करने को कहा है। हालांकि पश्चिम बंगाल की सरकार ने स्कूलों को केंद्र का सर्कुलर न मानने का निर्देश दिया है। मानव संसाधन विकास (एचआरडी) मंत्री प्रकाश जावडेकर ने ममता बनर्जी की अ÷आई वाली तृणमूल सरकार के इस फैसले को दुर्भाग्यपूर्ण करार दिया है। जावडेकर ने पत्रकारों से कहा कि प्रधानमंत्री के संकल्प सिद्धि का शपथ दिलाना या स्वतंत्रता संग्राम या विभिन्न युद्धों, आतंकी हमलों में शहीदों को याद करना स्कूलों के लिए बाध्यकारी नहीं है। यह सेक्यूलर एजेंडे का हिस्सा है, राजनीतिक पार्टी का एजेंडा नहीं। उन्होंने पश्चिम बंगाल सर्व शिक्षा मिशन के राज्य परियोजना निदेशक का मेमो भी दिखाया। मेमो में स्कूल शिक्षा विभाग को केंद्र के सर्कुलर के आधार पर स्वतंत्रता दिवस नहीं मनाने को कहा गया है। एचआरडी मंत्रालय के संयुक्त सचिव मनीष गर्ग ने स्कूलों में कार्यक्रम आयोजन के लिए राज्यों को पत्र लिखा है। पत्र में कहा गया है कि उम्मीद है देशभर में त्योहार और देशभक्ति की भावना जगाने के उद्देश्य से इस महत्वपूर्ण अवसर को मनाया जाएगा। यह नए भारत की सोच के मिशन में देश के हर नागरिक को शामिल करने के लिए आंदोलन है। नए भारत की सोच गरीबी, भ्रष्टाचार, आतंकवाद, सांप्रदायिकता और जातिवाद मुक्त भारत है। पत्र में सभी राज्यों से नौ से 30 अगस्त तक चलने वाले कार्यक्रम का प्रचार करने को कहा गया है, ताकि मिशन को लेकर लोगों में उत्साह जागे। गर्ग ने कहा कि सीबीएसई से संबद्ध स्कूल समेत सभी स्कूलों को शपथ ग्रहण के अलावा स्वतंत्रता संग्राम और देश के विकास पर क्विज प्रतियोगिता कराने को भी कहा गया है। इन्हीं विषयों पर पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन भी किया जाएगा। क्विज नरेंद्र मोदी एप या सरकार के आधिकारिक पोर्टल से डाउनलोड किए जा सकते हैं।

### ऑटो की टक्कर से दो युवक घायल

रायपुर,(**आरएनएस**)। अश्वनी नगर सुमीत बाजार दुकान के सामने ऑटो चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए दो लोगों को टक्कर मार दिया। प्रार्थी की शिकायत पर आजाद चौक पुलिस ने आरोपी ऑटो चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी सभाजीत पाल पिता राम सवारे पाल 43 वर्ष जगदीश पान ठेला के पास अश्वनी नगर का रहने वाला है।

## तत्काल आवश्यकता है
न्यायसाक्षी समाचार-पत्र रायगढ़ एवं जशपुर जिले हेतु रिपोर्टर/संवाददाता चाहिए तत्काल संपर्क करें
न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
श्रीराम कॉलोनी,स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास,रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9039961090

## ऑफसेट प्रिंटिंग - न्यूज पेपर प्रिंटिंग
वेस्ट जर्मनी की ऑफसेट मशीन * हेडलबर्ग *
से 4 कलर की प्रिंटिंग होती है।
प्रिंटिंग जॉब हेतु तत्काल सम्पर्क करें
न्यायसाक्षी प्रिंटर्स एण्ड प्रेस
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9589876400